# अगर राघव के चरणों में जगह थोड़ी सी मिल जाये लिरिक्स

अगर राघव के चरणों में,
जगह थोड़ी सी मिल जाये,
तो संभव है मेरा जीवन,
ये सारा ही बदल जाये।bd।

---

कई जन्मों से मैली है,
मेरी ये नूर सी चादर,
उठाये अब नही उठती,
मेरी पापों की ये गागर,
लगादो हाथ थोड़ा जो,
वजन इसका बदल जाये,
अगर राघव के चरणों मे,
जगह थोड़ी सी मिल जाये।bd।

---

मैं पापी हूँ बड़ा ऐसा,
कभी मंदिर नही आया,
भजन राघव तुम्हारे नाम का,
एक भी नही गया,
तू चाहे तो दया सागर में,
मेरे पाप सब धूल जाएं,
अगर राघव के चरणों मे,
जगह थोड़ी सी मिल जाये।bd।

---

ये सांसे आखिरी जीवन की,
न जाने कब ये ढल जाएं,
ये सारे रास्ते जीवन के,
जाने कब बदल जाएं,
न करना देर कि राजेन्द्र का,
सब कुछ ही छल जाए,
अगर राघव के चरणों मे,
जगह थोड़ी सी मिल जाये।bd।

---

अगर राघव के चरणों में,
जगह थोड़ी सी मिल जाये,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तो संभव है मेरा जीवन,
ये सारा ही बदल जाये।bd।

गीतकार/गायक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
**8839262340**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com